UDYAM-BR-0010266

# केशव न्यूज

www.keshavtv24.com शुक्रवार 31 जनवरी 2025 बर्ष 01 अंक 01 पृष्ठ 4 keshavtvbihar@gmail.com

**अनमोल वचन**

ख्वाहिशों के रंग में तेरे
सपनो की आग है
मेहनत कर डटकर
क्युकी उसमे ही तेरी
इज़्ज़त का ताज है।

## आस पास की खबरे

संवाददाता केशव न्यूज

*बिहार बोर्ड इंटर परीक्षा कल से शुरू , पटना में 85 परीक्षा केंद्र, 75,917 परीक्षार्थी होंगे शामिल*

बिहार बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा 1 फरवरी से शुरू होकर 15 फरवरी तक चलेगी। राज्य भर में कुल 1677 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 154 अधिक हैं। इस परीक्षा में कुल 12.92 लाख परीक्षार्थी भाग लेंगे, जिनमें 6,50,466 छात्र और 6,41,847 छात्राएं शामिल हैं। पटना जिले में 85 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 75,917 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इनमें 38,743 छात्र और 37,174 छात्राएं शामिल हैं। परीक्षार्थी शुक्रवार तक अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सभी केंद्रों पर धारा 144 लागू की गई है। डीएम और एसपी को कदाचारमुक्त परीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर सीसी. टीवी कैमरे लगाए गए हैं और प्रत्येक 500 परीक्षार्थियों पर एक वीडियोग्राफर की तैनाती की जाएगी। परीक्षा के दौरान किसी समस्या के समाधान के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जो शुक्रवार से कार्यरत होगा। परीक्षार्थी हेल्पलाइन नंबर 0612–2232257 या 0612–2232227 पर संपर्क कर सकते हैं। परीक्षार्थियों को जूता–मोजा पहनकर परीक्षा देने की अनुमति दी गई है। परीक्षा को सफल और अनुशासित तरीके से आयोजित करने के लिए प्रशासन द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

### सासाराम में प्रेम प्रसंग का दर्दनाक अंतरू इंटर के छात्र ने लड़की को गोली मारकर खुद की भी ली जान

सासाराम के तकिया मोहल्ले में गुरुवार शाम एक दर्दनाक घटना सामने आई, जिसमें 17 वर्षीय एक लड़के ने लड़की (17) को उसके घर में घुसकर गोली मार दी और फिर खुद को भी शूट कर लिया। दोनों इंटर के छात्र थे और एक ही कोचिंग में पढ़ते थे। बताया जा रहा है कि दोनों एक साल तक एक ही मकान में अलग–अलग किराए के कमरे में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। बाद में किसी विवाद के चलते लड़की अपने मामा और भाई के साथ रहने लगी थी। वारदात के वक्त लड़की के मामा और भाई घर पर नहीं थे। इस बात की जानकारी मिलते ही लड़का सीधा लड़की के घर पहुंचा। बातचीत के दौरान दोनों के बीच बहस हुई। अचानक लड़के ने कमर से कट्टा निकाला और लड़की की गर्दन पर सटाकर गोली मार दी। इसके बाद उसने अपनी गर्दन पर कट्टा सटाकर खुद को भी शूट कर लिया। पुलिस ने घटनास्थल से 315 बोर का कट्टा और दो खोखे बरामद किए हैं। लड़के के घर से एक सुसाइड नोट भी मिला है, लेकिन पुलिस ने उसके बारे में कोई जानकारी साझा नहीं की है।

रहा है। अन्य प्रखंडों में भी ऐसे केंद्र खोलने की योजना है, जिसके लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। डीएफओ ने बताया कि ताजी और जिंदा मछली की मांग हमेशा बनी रहती है, लेकिन इसकी उपलब्धता में दिक्कत होती

# इंटर की परीक्षा में दीवार फांदे तब FIR होगी , समय से आधे घंटे पहले बंद होगा एंट्री गेट, 5 पॉइंट में जानिए हर जानकारी

**बिहार बोर्ड इंटर परीक्षा – 1 से 15 फरवरी तक आयोजित 12 लाख से ज्यादा परीक्षार्थी होंगे शामिल**

संवाददाता केशव न्यूज



बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट की परीक्षा 1 फरवरी से 15 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में 12,90,213 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिनमें 6,41,847 छात्राएं और 6,50,466 छात्र हैं। राज्य भर में लगभग 1677 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जो पिछले वर्ष से लगभग 150 अधिक हैं। परीक्षा में गड़बड़ी रोकने के लिए बोर्ड ने कड़े सुरक्षा उपाय किए हैं। हर केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी निगरानी बोर्ड कार्यालय के कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से होगी।

परीक्षा दो पालियों में होगी। यदि कोई परीक्षार्थी दीवार फांदकर प्रवेश की कोशिश करता है तो उस पर दो साल के लिए परीक्षा से निलंबन और एफआ. ईआर दर्ज की जाएगी। केंद्राधीक्षक की मिलीभगत पाए जाने पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी। सर्दी को देखते हुए छात्रों को 5 फरवरी तक जूता–मोजा पहनने की अनुमति दी गई है। इसके बाद मौसम की समीक्षा कर पाबंदी पर निर्णय लिया जाएगा। परीक्षा कक्ष में प्रवेश से पहले दो स्तरों पर तलाशी होगी। पहली मुख्य गेट पर और दूसरी कक्षा के अंदर। चिट मिलने पर न केवल छात्र बल्कि वीक्षक पर भी कार्रवाई होगी। केंद्राधीक्षक के अलावा किसी शिक्षक या कर्मचारी को मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। स्पेशल टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान मोबाइल मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। प्रश्नपत्र परीक्षा के दिन बैंक से केंद्र तक लाए जाएंगे। हर परीक्षार्थी के लिए रोल नंबर और फोटो वाली उत्तर पुस्तिकाएं पहले ही भेज दी गई हैं।
बोर्ड ने हर जिले में फ्लाइंग स्क्वायड की तैनाती की है, जिसमें शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रोफेसर शामिल हैं। ये परीक्षा समाप्त होने तक अपने आवंटित जिलों में कैंप करेंगे। परीक्षा से संबंधित शिकायतों के लिए बोर्ड ने 1 फरवरी से 15 फरवरी तक कार्यरत कंट्रोल रूम स्थापित किया है। शिकायत के लिए 0612–2232257 या 0612–2232227 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

यदि किसी छात्र का एडमिट कार्ड खो जाता है या घर पर छूट जाता है, तो अटेंडेंस सीट की फोटो से मिलान कराकर उन्हें परीक्षा में बैठने दिया जाएगा। आधार कार्ड या पैन कार्ड जैसे पहचान पत्र अनिवार्य होंगे। बोर्ड के इन कड़े दिशा–निर्देशों का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाना है।

# गोपालगंज में छात्राओं को मिला 36.29 करोड़ का लाभ, मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना के तहत 14,516 छात्राओं को मिली राशि

**प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 5,908 लाभार्थियों को मिला आवास का लाभ**

संवाददाता केशव न्यूज



गोपालगंज के जिला समाहरणालय सभागार में आयोजित योजना वितरण दिवस कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री कृष्णनंदन पासवान ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना के तहत 14,516 इंटरमीडिएट पास छात्राओं को 36.29 करोड़ रुपए की राशि वितरित की गई। प्रत्येक छात्रा को 25,000 रुपए की एकमुश्त राशि प्रदान की गई, जिसमें 6 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से चेक दिए गए।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत 5,908 लाभार्थियों को आवास का लाभ देने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें से 5,600 लोगों को पहली किस्त, 5,148 को दूसरी किस्त और 3,323 लाभार्थियों को तीसरी किस्त की राशि प्रदान की गई है। अब तक 897 आवासों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसके अतिरिक्त 11,732 नए लक्ष्य भी प्राप्त हुए हैं।

कार्यक्रम में अन्य योजनाओं के तहत 9 लोगों को जन वितरण प्रणाली विक्रेता अनुज्ञप्ति पत्र दिए गए, जिनमें से 5 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से सम्मानित किया गया।

अभियान बसेरा–2 के अंतर्गत विभिन्न अंचलों के 63 लाभार्थियों को भूमि पर्चा वितरित किए गए। सरकार द्वारा अनुग्रह अनुदान योजना के अंतर्गत मृतक आश्रितों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस कार्यक्रम में ऐसे 10 लाभुकों को प्रतीकात्मक रूप से राशि प्रदान कर आर्थिक और संवेदनात्मक सहयोग दिया गया।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण के तहत जरूरतमंद लाभार्थियों को विभिन्न सहायक उपकरण जैसे मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, ट्राइसाइकिल और हियरिंग एड वितरित किए गए। इस दौरान कुल 34 लाभुकों को उनकी आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण दिए गए।

प्रभारी मंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रशासन की सराहना की और कहा कि विभिन्न योजनाओं से लाभुकों को समय पर लाभ दिलाने की यह पहल सराहनीय है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशासन आगे भी ऐसे प्रयासों को जारी रखेगा, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक त्वरित और प्रभावी ढंग से पहुंच सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रशांत कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# सरस्वती पूजा को लेकर हाजीपुर में प्रशासन सतर्क , डीएम के नेतृत्व में फ्लैग मार्च, सुरक्षा के कड़े इंतजाम



संवाददाता केशव न्यूज

वैशाली जिले में सरस्वती पूजा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी यशपाल मीणा के नेतृत्व में हाजीपुर शहर के विभिन्न मोहल्लों और संवेदनशील क्षेत्रों में देर शाम फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एसडीएम सदर रामबाबू बैठा सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

फ्लैग मार्च का उद्देश्य त्योहार के दौरान शांति और सौ. हार्द बनाए रखना है। इससे न केवल स्थानीय लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी, बल्कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने में मदद मिलेगी।

संवेदनशील इलाकों में प्रशासन ने विशेष सुरक्षा प्रबंध किए हैं। लगातार निगरानी की जा रही है ताकि सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे सहयोग बनाए रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत जानकारी दें।










## मुरौरा पंचायत से सतीश सिंह निर्वाचित पैक्स अध्यक्ष बने



संवाददाता केशव न्यूज

मुरौरा पंचायत में आयोजित पैक्स चुनाव में सतीश सिंह ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 135 मतों से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। जीत के बाद उनके समर्थकों ने फूल–मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया और पंचायत क्षेत्र में जश्न का माहौल बना रहा। सदर प्रखंड के वीडियो मनीष रंजन ने जानकारी दी कि वियावानी और राणा बीघा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष और कार्यकारी पदों की मतगणना भी पूरी हो चुकी है। नव. निर्वाचित अध्यक्षों को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। जीत के बाद सतीश सिंह ने पंचायतवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, "आपने मुझे लगातार चार बार सेवा का अवसर दिया है, इसके लिए मैं हृदय से धन्यवाद करता हूं। यह जीत मेरी नहीं, पूरे मुरौरा पंचायत की है।" पंचायतवासियों ने उम्मीद जताई कि सतीश सिंह के नेतृत्व में मुरौरा पंचायत विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। ग्रामीणों ने कहा कि उनकी सक्रिय भागीदारी और प्रशासनिक अनुभव से पंचायत की बुनियादी सुविधाएं बेहतर होंगी।

सकुनत कला छात्रालय में प्रतिभाओं का उत्सव, सफल छात्रों का सम्मान

# सकुनत कला छात्रालय में धूमधाम से मनाया गया 5वां वार्षिक समारोह

### प्रतिभा, सम्मान और प्रेरणा का संगम बना वार्षिक समारोह

संवाददाता केशव न्यूज

बिहारशरीफ के चौनपुरा रोड स्थित सकुनत कला छात्रालय आवासीय विद्यालय में पांचवां वार्षिक समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

विद्यालय के डायरेक्टर श्री राजन कुमार ने बताया कि इस समारोह का उद्देश्य छात्रों की प्रतिभा को मंच प्रदान करना और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना है। उन्होंने यह भी बताया कि उन छात्रों को सम्मानित किया गया जिन्होंने सैनिक स्कूल, नवोदय विद्यालय और सिमुलतला विद्यालय जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की है। इन छात्रों को मेडल, डायरी और कलम देकर प्रोत्साहित किया गया।

राजन कुमार ने विद्यालय की सामाजिक जिम्मेदारी पर जोर देते हुए घोषणा की कि आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए विद्यालय में कॉपी, किताब और फीस पूरी तरह माफ की जाएगी।




उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि जिनकी आर्थिक स्थिति बच्चों की शिक्षा के लिए अनुकूल नहीं है, वे अपने बच्चों का इस विद्यालय में नामांकन कराएं। ऐसे बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी।

सफल छात्रों ने नवोदय विद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश पाने के बाद अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि आज वे जहां हैं, यह उनके विद्यालय और शिक्षकों के आशीर्वाद से संभव हुआ है। उन्होंने छोटे बच्चों से मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने की अपील की ताकि वे भी अपने माता–पिता का नाम रोशन कर सकें।

इस समारोह ने छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ावा दिया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## महात्मा गांधी शहादत दिवस पर बिहार सेंट्रल स्कूल में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन



संवाददाता केशव न्यूज

बिहार सेंट्रल स्कूल, शिक्षा नगर डोईया के प्रांगण में महात्मा गांधी का शहादत दिवस बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री श्याम सुंदर प्रसाद एवं समस्त शिक्षकगणों ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने गांधी जी के जीवन, उनके आदर्शों और स्वतंत्रता संग्राम में उनके अद्वितीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए गांधी जी के सत्य, अहिंसा और स्वावलंबन के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी न केवल भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे, बल्कि पूरी दुनिया के लिए शांति और मानवता के प्रतीक हैं। उनका जीवन आज भी हर व्यक्ति के लिए एक प्रेरणा स्रोत है। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुछ विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी की जीवनी पर आध. ारित प्रभावशाली भाषण दिए, जिनमें उनके संघर्षमय जीवन और सत्य व अहिंसा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का वर्णन किया गया। इसके अलावा, विद्यार्थियों ने गांधी जी के जीवन से प्रेरित सुंदर चित्र बनाए और प्रदर्शित किया।

# गोरमा पंचायत पैक्स प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न

संवाददाता केशव न्यूज

सिलाव प्रखंड कार्यालय के सभागार में गोरमा पंचायत पैक्स प्रबंध कार्यकारिणी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के सदस्य संजय उपाध्याय ने की। यह बैठक जिला सहकारिता पदाधिकारी नालंदा के निर्देश पर पर्यवेक्षक एवं प्रखंड प्रसार सह. कारिता पदाधिकारी सिलाव की देखरेख में संपन्न हुई।

बैठक में 2 दिसंबर 2024, 9 दिसंबर 2024, और 26 दिसंबर 2024 को हुई बैठकों की पुष्टि की गई। विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार–विमर्श किया गया और नए सदस्यों की स्वीकृति दी गई। धान अधिप्राप्ति और पीडीएस का संचालन प्रबंध समिति के माध्यम से करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा, बहुउद्देशीय सहायक की अस्थायी नियुक्ति पर विचार किया गया। वर्तमान प्रबंधक के त्यागपत्र पर भी चर्चा की गई और नए प्रबंधक की नियुक्ति की प्रक्रिया की शुरुआत करने का निर्णय लिया गया।

प्रबंध कार्यकारिणी समिति के सदस्यों ने वर्तमान पैक्स अध्यक्ष अमन कुमार उर्फ



निक्कू द्वारा बिना समिति की सहमति के पीडीएस वितरण और धान अधिप्राप्ति के संचालन पर गंभीर आपत्ति जताई। उन्होंने इन कार्यों में अनियमितता की आशंका व्यक्त करते हुए इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की। सदस्यों ने पीडीएस वितरण और धान अधिप्राप्ति कार्य पर तत्काल रोक लगाने तथा प्रबंध समिति के माध्यम से इन कार्यों के संचालन का प्रस्ताव रखा। पर्यवेक्षक ने मामले में शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

बैठक में प्रबंधक अवधेश प्रसाद, समिति सदस्य संजय उपाध्याय, सुरेंद्र पासवान, विकास कुमार, आरती देवी, सुबोध कुमार, राजेंद्र शर्मा, सुषमा देवी, अनीता देवी, रूबी देवी, और निर्जला कुमारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस बैठक ने गोरमा पंचायत पैक्स के संचालन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया।

# *नालंदा महिला कॉलेज में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन*

संवाददाता केशव न्यूज

नालंदा महिला कॉलेज के प्रांगण में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (छै) इकाई द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और समाज के बीच सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना था।

कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों और छै स्वयंसेविकाओं द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों के पालन हेतु शपथ ग्रहण से हुई। सभी ने सड़क नियमों का पालन करने और दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया।

इसके बाद छै वालंटियर्स द्वारा एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए ट्रैफिक नियमों के पालन का संदेश दिया गया। इस नाटक के माध्यम से हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, तेज गति और लापरवाह ड्राइविंग से बचाव तथा सड़क पर सावध. ानीपूर्वक पैदल चलने के नियमों पर जोर दिया गया।




इस नाटक में तनीषा, शमा ज़ैनब, अंजली, कविता, सोगरा, कुबरा, अदिति और पूजा ने महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं। उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों को सड़क सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि सड़क सुरक्षा नियमों की जानक. ारी के अभाव में प्रतिदिन अनेक लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं। इस जागरूकता अभियान ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और सुरक्षित यात्रा की दिशा में एक सकारात्मक संदेश दिया।

कार्यक्रम के समापन पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों और आयोजकों को बधाई दी और ऐसे जागरूकता अभियानों को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# बिहार क्रिकेट संघ की ऐतिहासिक पहल , ग्रामीण क्रिकेट प्रतिभाओं को मिलेगा मंच

संवाददाता केशव न्यूज

बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) के अध्यक्ष राकेश तिवारी के नेतृत्व में राज्य में क्रिकेट को नई दिशा देने के लिए एक व्यापक और अनूठी पहल की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत बिहार के 38 जिलों के दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों का चयन कर विभिन्न स्तरों पर टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा।

इस पहल का उद्देश्य बिहार में क्रिकेट को ग्रामीण क्षेत्रों तक ले जाना और गांव–देहात की छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। चयन प्रक्रिया पंचायत, प्रखंड, जिला और




राज्य स्तर पर की जाएगी। उदाहरण के लिए, नालंदा जिले में 230 पंचायतों में खिलाड़ियों का ट्रायल होगा। चुने गए खिलाड़ियों से 20 प्रखंड स्तर की टीमें बनाई जाएंगी। प्रखंडों के बीच प्रतियोगिता के बाद प्रदर्शन के आधार पर नालंदा जिले की एक टीम का गठन किया जाएगा, जिसे बिहार ग्रामीण लीग (बीआरएल) में भेजा जाएगा। केवल वे खिलाड़ी पात्र होंगे जिन्होंने अब तक लेदर बॉल क्रिकेट में कहीं भी पंजीकरण नहीं कराया है। ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने जिला स्तर पर कभी प्रतिनिधित्व नहीं किया है, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। बिहार के 38 जिलों में बीसीए की देखरेख में कुल 570 मैच आयोजित किए जाएंगे। जिले के फाइनल मैच में एक फिल्म अभिनेता, स्टार क्रिकेट खिलाड़ी और बीसीए का ब्रांड एम्बेसडर विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। खिलाड़ियों के लिए निशुल्क पंजीकरण की सुविधा दी जाएगी। चयनित खिलाड़ियों के लिए क्रिकेट किट की व्यवस्था होगी और जिला स्तर की टीम के खिलाड़ियों को जर्सी प्रदान की जाएगी। बिहार देश का पहला राज्य होगा जो बिहार ग्रामीण क्रिकेट लीग का आयोजन करेगा। नालंदा जिले में इस आयोजन को सफल बनाने के लिए जल्द ही एक विशेष कमिटी का गठन किया जाएगा।




